दिनांक 3 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

41 लाख की लागत से वार्ड 56 में बनेगा पाथवे और सीसीरोड , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

भिलाई। भिलाई नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगातार जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्य किया जा रहा है। युद्ध स्तर पर करोड़ों के विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को वार्ड 56 सेक्टर 6 में 41 लाख के विकास कार्य भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई के युवा महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। महापौर के करमलों द्वारा सीसी रोड और पाथवे निर्माण का भूमि पूजन किया गया है। वार्ड 56 में 28 लाख की लागत से सड़क नंबर 50 से 59 तक सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही सड़क नंबर 54 में 8 लाख की लागत से पाथवे और पीएनटी कालोनी में 5 लाख की लागत से पाथवे का निर्माण किया जाएगा। जिसका पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर आम जन मानस के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए महापौर श्री यादव ने कहा कि आप लोगों के स्नेह और आर्शीवाद से आप लोगों ने मुझे महापौर बनाया और विधायक भी बनाया है। सर्व समाज और सब के हित और विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे है। शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य किया जा रहा है। जनता की मांग को पूरा करने की पूरी इंमानदारी से मेहनत कर रहे हैं। ।

जनसंपर्क अधिकारी